## महत्वपूर्ण एवं खास

### 5 लाख रुपये ब्याना लेकर रजिस्ट्री कराने से किया इंकार, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** 19 लाख में मकान का सौदा कर ब्याना के तौर पर 5 लाख रुपये लेने के बाद रजिस्ट्री कराने से इंकार कर देने पर आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में धारा 420 के तहत अपराध कायम किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मधु पिल्ले स्कूल के पास पंडरीतराई निवासी सरला गुप्ता 42 वर्ष पिता केदारनाथ गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि राहुल किशोर पांडेय पिता सुदामा प्रसाद पांडे निवासी विनोवाभावे नगर सिविल लाइन ने 12 अगस्त को मोवा पंडरी में 920 वर्गफीट में बने मकान को 19 लाख रुपए में बेचने का सौदा करके ब्याना के तौर पर पांच लाख रुपए एडवांस लेने के बाद मकान का रजिस्ट्री न करा टाल मटोल करते रहा, प्रार्थी द्वारा पता किए जाने पर जानकारी हुआ कि उक्त भूमि आरोपी के नाम पर दर्ज नहीं है किसी सतीश जैन के नाम पर है। प्रार्थी ने न्यायालय पवन कुमार अग्रवाल प्रथम श्रेणी रायपुर के न्यायालय में आवेदन दिया जिस पर न्यायालय पवन कुमार अग्रवाल प्रथम श्रेणी रायपुर के न्यायालय द्वारा थाना प्रभारी सिविल लाईन रायपुर को धारा 156 (3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत मामला दर्ज कर अन्वेषण करने की आदेश पर अपराध धारा 420 के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क किनारे शौच के लिए बैठी महिलाओं को मोटरसाइकिल ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान एक महिला की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** सड़क किनारे शौच के लिए बैठी दो महिलाओं को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार देने से दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो जाने पर उन्हें इलाज के लिए अस्ताल में भर्ती किया गया था। जहां एक महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कारा उरला रायपुर निवासी सूरज सिंह चौहान 24 वर्ष पिता स्व. संतोष चौहान ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 10 सितंबर को प्रार्थी के घर बहुत सारे मेहमान आने के चलते मां रामेश्वरी चौहान व बुआ सोहगिया बाई चौहान 55 वर्ष एवं अन्य महिलाएं शौच के लिए घर के बाहर सड़क किनारे गई थी। उसी समय अज्ञात मोटरसाइकिल बजाज सीटी 100 के चालक ने तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए युवक की मां व बुआ को जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो जाने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था इलाज के दौरान सहोगिया बाई चौहान की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है।

### सितरम नदी में पलटी नाव, सभी 9 डूबे ग्रामीण बाल-बाल बचे

**जगदलपुर (आरएनएस)।** कांकेर जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र में उफनती सितरम नदी जान जोखिम में डाल लोग पारकर पखांजुर मुख्यालय पहुंच अपनी जरूरत को पूरा करते है। आज 09 ग्रामीण नाव से उफनती नदी पार कर रहे थे। अचानक बीच मंझधार में नाव पलट गयी। हादसा बड़ा भयंकर हो सकता था, अगर लोगों को तैरना नहीं आता तो सभी डूब जाते। फिर भी नदी के तेज धारा में 03 किमी बहते हुए जान बचाने में वे सफल हुए और एक बड़ा हादसा होने से बच गया। गौरतलब है कि सितरम सघन जंगलों से घिरा नक्सली प्रभावित इलाका है। दिन के उजाले में भी लोग सितरम में प्रवेश नहीं करते, वहीं बाहरी लोग डरे सहमे ही गांव में पहुंचते हैं। उन्हें डर लगा रहता है कि कहीं नक्सलियों से उनका आमना सामना न हो जाए। सितरम के ग्रामीण डर-डर कर जिंदगी जीने को मजबूर हैं। सितरम कभी नक्सलियों का प्रमुख अड्डा हुआ करता था। पुलिस थाना-बीएसएफ कैम्प के लगने के बाद विगत कुछ वर्षों से नक्सली वारदात में कमी के बाबजूद ग्रामीण अपने को असुरक्षित महसूस करते हैं।

### मुख्यमंत्री ने जयंती पर आचार्य विनोबा भावे को नमन किया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भूदान आंदोलन के प्रणेता और स्वतंत्रता सेनानी आचार्य विनोभा भावे की जयंती पर उनके योगदान को याद करते हुए नमन किया है। बघेल ने कहा कि भावे स्वतंत्रता संग्राम के दौरान और उसके बाद भी सामाजिक और रचनात्मक रूप से सक्रिय रहे।

# 19 लाख के छह ईनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**» समर्पितों में दो महिलाएं, कमांडर एवं डिप्टी कमांडर**

जगदलपुर(आरएनएस)। शासन तथा प्रशासन के द्वारा चलाये जा रही पुर्नवास नीति से प्रभावित होकर कमांडर और डिप्टी कमांडर समेत 19 लाख के 6 नक्सलियों ने बीजापुर जिला मुख्यालय पहुंचकर आत्मसमर्पण किया है। जिसमें 8 लाख रुपयों के इनामी सहित 2 महिला नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सभी आत्मसमर्पित नक्सली कई बड़ी वारदातों में शामिल रह चुके हैं। सभी ईनामी नक्सलियों ने बीजापुर एसपी दिव्यांग पटेल और सीआरपीएफ 170 बटालियन के कमांडेंट आलोक भट्टाचार्य के समक्ष समर्पण किया है।

**समर्पित नक्सलियों की जानकारी निम्नानुसार है**

1- दिलीप वड्डे उर्फ चिन्ना उर्फ वड्डे चिन्ना उर्फ दिलीप चिन्ना, संगठन में पद कम्पनी नं. 01 के प्लाटून 02 का प्लाटून कमांडर, शासन द्वारा पद पर 08 लाख रूपये।

2-मड़कम बण्डी उर्फ बण्डू, संगठन में पद कम्पनी नं. 01 का 'बी' डिप्टी सेक्शन कमांडर, शासन द्वारा पद पर 03 लाख रूपये ईनाम।



3-सनकी वड्डे उर्फ सुजाता उर्फ सम्मी, संगठन में पद कंपनी नं. 1 के प्लाटून नं. 02 की सदस्या। शासन द्वारा पद पर 02 लाख रूपये ईनाम।

4- बुदरी उसेण्डी, कुतुल एलओएस सदस्या, घोषित ईनाम - छ.ग. शासन द्वारा 01 लाख।

संगठन में भर्ती - वर्ष 2016 में आदेड़ एरिया कमेटी के कमांडर दीपक मुहन्दा के द्वारा संगठन में भर्ती किया गया। जिसमें वर्ष 2016 से अबतक डीव्हीसी रनीता की गार्ड थी।

05- महेश वासम, सीएनएम सदस्य, संगठन में भर्ती वर्ष 2017 में पाली कुरसम के द्वारा भर्ती कराया गया। वर्ष 2017 से अबतक सीएनएम सदस्य के रूप में कार्य कर रहा था। महेश वर्ष 2017 में बारेगुड़ा चौक में विश्वनाथ बस को जलाने की घटना में शामिल रहा है।

06. विनोद मेट्टा, सीएनएम सदस्य, संगठन में भर्ती वर्ष 2011 में डीएकेएमएस अध्यक्ष मट्टीमरका सुरेश के द्वारा

उपरोक्त माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण करने पर उन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन द्वारा देय प्रोत्साहन राशि 10,000-10,000 हजार रूपये (दस-दस हजार रूपये) प्रत्येक को नगद प्रदाय किया गया। इन्हें शासन की पुनर्वास नीति के तहत और अन्य सुविधा एवं लाभ दिया जायेगा।

## हाथियों के झुंड ने रौंदी फसल



**कोरबा (आरएनएस)।** वनमंडल कोरबा के कोरबा रेंज में हाथी समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। हाथियों का 40 सदस्यीय झुंड विभिन्न गांवों में घूम रहा है और ग्रामीणों के फसल को रौंद कर नुकसान पहुंचा रहा है। जिससे ग्रामीण काफी हलाकान हैं। ग्रामीणों द्वारा इस समस्या के समाधान की मांग लगातार की जा रही है लेकिन अभी तक लेमरू में हाथी कॉरीडोर की घोषणा के अलावा कोई विशेष पहल नहीं हो सकी है। जिससे ग्रामीण जान व माल की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित हैं। हालांकि कई गांवों के लोगों ने कॉरीडोर का विरोध भी किया है और मांग की है कि लेमरू में हाथी कॉरीडोर न बनाया जाए, यहां कॉरीडोर की स्थापना से वे वनोपज संग्रहण का कार्य नहीं कर पाएंगे और उनके समक्ष आर्थिक संकट आर्थिक संकट उत्पन्न होगी। हाथियों का दल गेराव में दो दिनों तक उत्पात मचाने व फसल रौंदने के बाद मंगलवार की रात करमंदी पहुंच गया। यहां इस दल ने 6 किसानों की फसल रौंद दी है।

## अमित जोगी की अपोलो अस्पताल से छुट्टी : जमानत याचिका पर आज होगी सुनवाई

**रायपुर-बिलासपुर (आरएनएस)।** जेल पहुंचने के बाद स्वास्थ्य में आई खराबी के चलते अपोलो अस्पताल में उपचार करा रहे अमित जोगी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं उनकी जमानत याचिका पर आज सुनवाई होनी है। इधर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी गुट ने पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के बिना ही अस्पताल से छुट्टी दिए जाने का विरोध किया है।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र, शपथ पत्र में जन्मतिथि, स्थान की गलत जानकारी देने के मामले में अमित जोगी इस समय कानूनी शिकंजे में फंसे हुए हैं। उनकी जमानत याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। अमित जोगी की गिरफ्तारी होने के बाद से ही उनकी तबियत खराब हो गई थी। बीपी और सांस लेने में तखलीफ होने की शिकायत के बाद उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए थी। इधर तबियत में सुधार



होने के बाद अब डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दिया है। इधर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी गुट के नेताओं ने तबियत में पूरा सुधार आने के पहले ही अमित जोगी को छुट्टी दिए जाने का विरोध शुरू कर दिया है। पार्टी के नेता अमित जोगी को मेदांता अस्पताल रेफर करने की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर पुलिस और जेल प्रबंधन की संयुक्त टीम अमित जोगी को वापस जेल ले जाने के लिए बिलासपुर पहुंच गए हैं, इस बात की जानकारी मिलने पर पार्टी के कुछ नेता और कार्यकर्ता इस बात का विरोध कर रहे हैं।

## गांधी जी के आदर्शों पर चलकर युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका अदा करें : भूपेश बघेल

**» मुख्यमंत्री ने गांधी जी और आधुनिक भारत पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का किया शुभारंभ**

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बताए सिद्धांतों पर चल रही है। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने हमेशा देश हित को सर्वोपरि रखा, देश को भावनात्मक रूप से जोड़ने का अतुलनीय काम किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने



गांव, गरीब और समाज के कमजोर और वंचित तबकों को सबल बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में जीवन भर काम किया। गांधी जी के विचारों से समाज में परिवर्तन लाने का दायित्व युवाओं पर है। उनके सिद्धांतों को युवा अपना कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री बघेल आज पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में गांधी और आधुनिक भारत विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार के शुभारंभ सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं, कल भी थे और आने वाले समय में भी प्रासंगिक रहेंगे। गांधी जी सदैव असहमति का सम्मान करते थे। लोगों के विचारों में परिवर्तन पर विश्वास रखते थे। लोगों को अपने विचारों से प्रभावित करने की कला उनमें थी। इस राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा किया गया है।

## राज्यपाल ने राजभवन स्टॉफकॉलोनी में भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना की



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजभवन स्टॉफ कॉलोनी में गणेशोत्सव समिति के पंडाल में पहुंचकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान गणेश से छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारी एवं श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के पीछे बैठी महिला गिरी, इलाज के दौरान मौत

**»किसी परिचित के मोटरसाइकिल पर तीजा मनाकर वापस आ रही थी महिला**

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार मोटर साइकिल से गिरने के चलते इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।


मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उडिया खुर्द कवर्धा थाना सहसपुर जिला कबीरधाम निवासी रश्मि त्रिपाठी 35 वर्ष पति भगवती प्रसाद त्रिपाठी ग्राम उडिया से ग्राम पचेडा अभनपुर तीज के पर्व पर आई थी कि दिनांक 04.09.19 को किसी अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के साथ पीछे बैठकर रायपुर जा रही थी कि करीब 12.30 बजे दिन ग्राम डुमरतराई मिंटु शर्मा पब्लिक स्कूल के पास एनएच 30 रोड में ब्रेकर में गिर जाने से सिर में गंभीर चोट लगने से उपचार के लिए बालाजी अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाने के जुर्म में मर्ग कायम धारा 304ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## साल में एक बार खुलने वाले लिंगई माता के मंदिर का द्वारा खुला आज

**» संतान प्राप्ति के लिए दंपत्तियों का लगा रहा तांता**

**जगदलपुर (आरएनएस)।** कोंडागांव जिले के विकासखंड मुख्यालय फरसगांव से बड़ेडोंगर मार्ग पर 9 किमी की दूरी पर ग्राम आलोर में स्थित लिंगई माता के मंदिर का द्वार आज श्रद्धा और उल्लास के बीच खोला गया। प्रति वर्ष भादों महीना की नवमीं तिथि के बाद आने वाले प्रथम बुधवार को इस अदभुत गुफा का द्वार खोला जाता है। सुबह 5 पुजारियों ने पहले माता को स्नान करवाया फिर घी का लेप कर माता का श्रृंगार कर सेवा अर्जी दी। उसके बाद अंदर रेत में उभरे पगचिन्हों को देखा गया, जिसमें शेर के पंजे एवं बैल के पैर का निशान पाये गए, तत्पश्चात श्रद्धालुओं को दर्शनार्थ गुफा में प्रवेश दिया गया।

आज माता के दर्शन के लिए 15 से 20 हजार लोग पहुंचे थे, जिनमें से अधिकतर रात से ही लाइन में खड़े हो गए थे। तेज बारिश के बावजूद लोगों ने लाइन नहीं छोड़ी और छोटे बच्चों को लेकर कतार में लगे रहे। देर शाम पूजा अर्चना के बाद



मंदिर का पट फिर से बंद कर दिया गया, जिसे अगले साल खोला जाएगा।

गुफा के भीतर रेत पर इस बार शेर के पंजे के निशान को देखकर यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस वर्ष अंचल में भय और आतंक का माहौल रहेगा। यहीं से इस क्षेत्र का वार्षिक कैलेंडर तय होता है।

इस छोटी सी पहाड़ी के उपर एक विस्तृत फैला हुआ चट्टान है, चट्टान के उपर एक विशाल पत्थर है। बाहर से अन्य पत्थर की तरह सामान्य दिखने वाला यह पत्थर अंदर से स्तूपनूमा है।

## परेश रावल की बहू के किरदार में दिखेंगी प्रीति जिंटा





ऐक्ट्रेसप्रीति जिंटा अपने छोटे ब्रेक के बाद हाल में इंडिया वापस आई हैं। अब वह अपनी अगली फिल्म साइन करने के लिए काफी उत्साहित हैं। पहले ऐसी चर्चा थी कि वह सत्ते पे सत्ता के रीमेक में एक महत्वपूर्ण किरदार में दिखाई दे सकते हैं। अब एक और खबर आ रही है कि प्रीति जिंटा आशुतोष गोवारिकर की अगली फिल्म साइन कर सकती हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रीति को आशुतोष गोवारिकर की अगली फिल्म में एक बेहद महत्वपूर्ण रोल मिला है जिसमें वह परेश रावल की बहू के किरदार में दिखाई देंगी। आशुतोष की यह फिल्म कोई हिस्टोरिकल ड्रामा नहीं बल्कि ससुर और बहू के एक क्यूट रिश्ते पर आधारित कहानी होगी।

बताया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। आशुतोष गोवारिकर इस फिल्म को प्रड्यूस करेंगे जबकि उनके असिस्टेंट इसका डायरेक्शन करेंगे। बता दें कि इससे पहले प्रीति जिंटा फिल्म भैयाजी सुपरहिट में सनी देओल और अमीषा पटेल के साथ दिखाई दी थीं।

## अक्षय कुमार की फिल्म गुड न्यूज का बदला नाम



एक तरफ जहां अक्षय कुमार ने अपने बर्थडे के मौके पर यह अनाउंस कर फैन्स को एक्साइटेड कर दिया कि वह आने वाली फिल्म पृथ्वीराज में सम्राट पृथ्वीराज चौहान का रोल प्ले करेंगे, वहीं उनकी एक अन्य फिल्म का टाइटल भी अनाउंस कर दिया गया है। इस लिहाज से देखा जाए तो 9 सितंबर का दिन अक्षय ही नहीं बल्कि उनके फैन्स के लिए भी काफी स्पेशल और यादगार बन गया है।

अब अक्षय की जिस फिल्म के टाइटल की घोषणा की गई है वह है गुड न्यूज। यानी बदलाव सिर्फ फिल्म के नाम की स्पेलिंग में हुआ है। वैसे मानना पड़ेगा कि आने वाला साल अक्षय के नाम ही रहने वाला है। उनके खाते में पहले से ही कई फिल्में दर्ज हैं और अब वह एक बाद एक और भी फिल्में अनाउंस करते जा रहे हैं।

पृथ्वीराज और गुड न्यूज के अलावा अक्षय के पास सूर्यवंशी, हाउसफुल 4, लक्ष्मी बम और बच्चन पांडे हैं। माना जा रहा है कि अक्षय की हालिया रिलीज फिल्मों की तरह ही उनकी आने वाली ये फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई करेंगी और नए रेकॉर्ड बनाएंगी।

## बालों को पूरा पोषण देकर सुंदर और मजबूत बनाता है लहसुन के तेल

लहसुन में पाया जानेवाला सेलेनियम तत्व हमारे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने का काम करता है। इसका तेल बालों की जड़ों में लगाने से बालों को अधिक मात्रा में पोषक तत्वों की प्राप्ति होती है। लहसुन के तेल में मौजूद सल्फर बालों के लिए बहुत लाभदायक होता है। यह सिर की त्वचा में मौजूद रोम छिद्रों की सफाई का काम भी करता है। बालों मजबूत बनाता है और उन्हें झड़ने से रोकता है।

इतना ही नहीं लहसुन का तेल बालों में लगाने से इरिटेटेड स्कैल्प भी शांत होते हैं और सिर से डैंड्रफ की समस्या भी दूर होती है। आप लहसुन के तेल को किसी अन्य हेयर ऑइल के साथ मिलाकर बालों की जड़ों में लगा सकते हैं। आप चाहें तो इसके साथ हेयर मास्क भी तैयार कर सकते हैं।

-लहसुन के तेल और नारियल तेल को अपने बालों की लंबाई के हिसाब से आधा-आधा मिला लें। अब इस तेल से अपने सिर पर बालों की जड़ों में हल्के हाथों से मसाज करें। इसके साथ ही पूरे बालों पर इस तेल को अच्छी तरह लगाएं। आधा से एक घंटा बाद शैंपू कर लें।

- लहसुन का तेल शहद में मिलाकर भी आप बालों के लिए हेयर मास्क तैयार कर सकते हैं। बालों की लंबाई के हिसाब से शहद लें और उसमें थोड़ा सा लहसुन का तेल मिला



लें। अब इस मास्क को 30 मिनट तक बालों पर लगाएं रखें और फिर शैंपू कर लें।

- अगर आपके पास लहसुन का तेल उपलब्ध नहीं है तो आप लहसुन की कुछ कलियों को छीलकर पीस लें और इसमें हल्का गुनगुना नारियल का तेल मिला लें। अब इस मिश्रण को बालों पर लगाएं और 30 मिनट बाद शैंपू कर लें। यह भी बालों के लिए लाभदायक होता है। इससे बालों और सिर की त्वचा को विटमिन सी, सल्फर, केरेटिन की प्राप्ति होती है और बाल मजबूत बनते हैं।